RASHTRIYA SWAROOP, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

टीसीएस आईटी विज २०१० में रोहित व स्वप्निल राष्ट्रीय फाइनल के लिए चयनित

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। टीसीएस आई विज २०१० बारह सौ से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया। संत गाडगे प्रेक्षागृह में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद, वाराणसी और गोरखपुर सहित उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। रोमांचक प्रिलिम्मस और कुछ भीषण एवं तीव्र प्रतियोगिता के दौर के रोहित कश्यप एवं स्वप्निल पालाश लखनऊ पब्लिक सेक्टर-१ से प्रतिष्ठित विजेता ट्रॉफी एवं साथ में एक थिंकपैड लैपटॉप लेनोवो से सम्मानित हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी सम्मर वैली स्कूल के दिनकर जवाल और विनायक शर्मा ने उपविजेता के रूप में आइडिया पैड नोटबुक के साथ-साथ रनर अप ट्रॉफी प्राप्त की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डा. देवी सिंह, निदेशक, आईआईएम लखनऊ एवं सम्मानित अतिथि डा. कृपा शंकर कुलपति, उत्तर प्रदेशर प्राविधिक विश्वविद्यालय ने जयन्त कृष्णा, हेड, टीसीएस लखनऊ के साथ ट्राफियां और पुरस्कार वितरित किये।

संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित टीसीएस आईटी क्वीज प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागी। छाया : राष्ट्रीय स्वरूप